पंजाब केसरी 22/02/2026

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में 'पेरेंट-टीचर मीट' का आयोजन

बच्चों के अभिभावकों को जानकारी प्रदान करते शिक्षक। (चंद्रमोहन)

अम्बाला छावनी, 21 फरवरी (पंकेस): गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज, अम्बाला कैंट के कम्प्यूटर एप्लीकेशन एवं मैनेजमेंट विभाग द्वारा पेरेंट-टीचर मीट का आयोजन किया गया। बैठक का उद्देश्य विद्यार्थियों की पढ़ाई, उपस्थिति, व्यवहार एवं शैक्षणिक प्रगति के संबंध में अभिभावकों को विस्तृत जानकारी प्रदान करना रहा।

कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने अपने संबोधन में कहा कि जब अभिभावक और शिक्षक समन्वित रूप से विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हैं, तो उनके शैक्षणिक परिणामों एवं आत्मविश्वास दोनों में उल्लेखनीय सुधार होता है। उन्होंने यह भी कहा कि कॉलेज विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर प्रयासरत है।

फैकल्टी की डीन डा. प्रबलीन कौर ने कहा कि इस प्रकार की बैठकें कॉलेज और अभिभावकों के मध्य सुदृढ़ संवाद स्थापित करती हैं। उन्होंने बताया कि कॉलेज में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता और व्यावसायिक कौशल पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है।

कम्प्यूटर एप्लीकेशन विभागाध्यक्ष श्याम रहेजा ने विभागीय गतिविधियों, प्रोजैक्ट कार्यों एवं प्लेसमैंट से संबंधित उपलब्धियों की जानकारी साझा की। उन्होंने विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति, अनुशासन और शैक्षणिक प्रतिबद्धता के महत्व पर विशेष बल दिया।

मैनेजमेंट विभागाध्यक्ष डा. भारती सुजान ने विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति पर प्रकाश डालते हुए बताया कि विभाग समय-समय पर सैमीनार, कार्यशाला एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है, जिससे विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान एवं करियर उन्मुख मार्गदर्शन प्राप्त होता है।

बैठक में उपस्थित अभिभावकों ने कॉलेज की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस संवादात्मक बैठक से उन्हें अपने बच्चों की शिक्षा एवं प्रगति के संबंध में स्पष्ट और विस्तृत जानकारी प्राप्त हुई। उन्होंने कॉलेज प्रशासन एवं शिक्षकों के प्रयासों की प्रशंसा की तथा भविष्य में भी ऐसे आयोजनों की अपेक्षा व्यक्त की।